प्रस्तुतकर्ता

# पारिभाषिक शब्दावली

डॉ.सुनील बहल

## A से I तक ( ग्यारहवीं कक्षा के लिए )

सामान्य जन जीवन तथा उससे संबंधित क्रिया कलापों जैसे– खान–पान, रहन–सहन, घर, परिवार, समाज आदि से संबंधित शब्द सामान्य भाषा के अन्तर्गत आते हैं। जैसे– सोना, जागना, रोना, घड़ी, पंखा, रोटी, चावल, दाल, पानी, चाय, कल, यहाँ, वहाँ आदि। इन सामान्य शब्दों का प्रयोग अमीर–गरीब, शिक्षित–अशिक्षित प्रत्येक व्यक्ति दिन–प्रतिदिन करता है किन्तु पारिभाषिक शब्द सामान्य शब्दों से सर्वथा भिन्नता रखते हैं। इनका प्रयोग सामान्य शब्दों की भाँति किसी भी संदर्भ में नहीं हो सकता है। ये किसी विषय–विशेष से संबंध रखते हैं तथा इनका प्रयोग विशिष्ट प्रसंगों तथा प्रयोजनों में ही होता है।

पारिभाषिक शब्दों के प्रयोग हेतु निम्नलिखित बातें ज्ञातव्य हैं–

(1) पारिभाषिक शब्दों को प्रयोग में लाते समय उनका सामान्य भाषा में प्रयोग नहीं करना चाहिए। जैसे–

'रिक्त' शब्द का सामान्य व प्रशासनिक दोनों रूपों में प्रयोग हो सकता है। जैसे–

सामान्य रूप में प्रयोग– उसकी जेब तो हमेशा रिक्त ही रहती है।

प्रशासनिक रूप में प्रयोग– इस कार्यालय में लिपिक के कई पद रिक्त पड़े हैं, इन्हें जल्दी ही भर लिया जाएगा।

इस तरह बिदाई का दोनों रूपों में प्रयोग देखिए–

सामान्य रूप में प्रयोग– लड़की की बिदाई पर सब रोते हैं।

प्रशासनिक रूप में प्रयोग–मुख्याध्यापक जी का तबादला होने पर उनके सहयोगी कर्मचारियो ने उन्हें भावभीनी बिदाई दी।

(2) जिस संदर्भ में पूछा जाए उसी संदर्भ में ही पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग होना चाहिए। जैसे–'Act' शब्द प्रशासनिक व साहित्यिक दोनों रूपों में प्रयुक्त होता है। प्रशासनिक दृष्टि से 'Act' का हिन्दी पर्याय है 'अधिनियम' तथा साहित्यिक दृष्टि से 'Act' का हिन्दी पर्याय है–'अंक'।

दोनों का वाक्यों में प्रयोग देखिए–

प्रशासनिक रूप में प्रयोग–Act(अधिनियम)– राजभाषा अधिनियम (संशोधित) 1967 के अनुसार जब तक सभी अहिंदी–भाषी राज्य हिन्दी को

एकमात्र राजभाषा बनाने के लिए सहमत न हो जाएँ तब तक अंगज़ी सरकारी कामकाज की सह–राजभाषा के रूप में चलती रहेगी।

साहित्यिक रूप में प्रयोग– **Act** (अंक)– एकांकी नाम अंग्रेज़ी के **One Act Play** का पर्याय है जिसका अभिप्राय नाटक के कथानक का केवल एक ही अंक में वर्णित होना है।

आगे कुछ मुख्य पारिभाषिक शब्द दिये जा रहे हैं जिनका हम दैनिक जीवन में प्रयोग करते हैं।

- **A से I तक ( ग्यारहवीं कक्षा के लिए )**
- **J से Z तक ( बारहवीं कक्षा के लिए )**

# A

| | |
|---|---|
| 1. Accept | स्वीकार करना |
| 2. Acceptance | स्वीकृति |
| 3. Accord | समझौता |
| 4. Accused | अभियुक्त |
| 5. Act | अधिनियम |
| 6. Adhoc committee | तदर्थ समिति |
| 7. Adjourn | स्थगित करना, काम रोकना |
| 8. Adjustment | समायोजन |
| 9. Advance copy | अग्रिम प्रति |
| 10. Adverse | प्रतिकूल |
| 11. Aid | सहायता, मदद |
| 12. Aided | सहायता प्राप्त |
| 13. Amendment | संशोधन |
| 14. Anticipation | प्रत्याशा |
| 15. Argument | तर्क, बहस |
| 16. Autonomous | स्वायत्त |

## B

17. Background पृष्ठभूमि
18. Bail जमानत
19. Banquet भोज
20. Bias अभिनति, झुकाव
21. Bonafide वास्तविक
22. Booklet पुस्तिका
23. Boycott बहिष्कार, बॉयकाट
24. Bribe घूस, रिश्वत
25. Bulletin बुलेटिन
26. Bureaucrat अधिकारी, दफ्तरशाह
27. Bureaucracy अधिकारी तंत्र, दफ्तरशाही
28. By force बलपूर्वक
29. By law उपविधि
30. By hand दस्ती
31. By post डाक द्वारा

## C

32. Cabinet मंत्रिमंडल
33. Campaign अभियान
34. Candidate उम्मीदवार, अभ्यर्थी
35. Candidature उम्मीदवारी, अभ्यर्थिता
36. Career करियर, जीविका
37. Cash Book रोकड़ बही
38. Catalogue सूची, सूचीपत्र
39. Caution सावधान, सावधानी, खबरदार
40. Census जनगणना
41. Competent सक्षम
42. Conference सम्मेलन
43. Confidential गोपनीय

| | |
|---|---|
| 44. Convenor | संयोजक |
| 45. Corrigendum | शुद्धि पत्र, भूल सुधार |
| 46. Courtesy | सौजन्य |
| 47. Creche | शिशु सदन, बालवाड़ी |
| 48. Custody | अभिरक्षा, हिरासत |
| 49. Custom duty | सीमा शुल्क |

## D

| | |
|---|---|
| 50. Debar | रोकना, विवर्जित करना |
| 51. Declaration | घोषणा |
| 52. Default | चूक, व्यतिक्रम |
| 53. Defaulter | 1.चूक करने वाला, व्यतिक्रमी, 2. बक़ायादार |
| 54. Delay | विलंब |
| 55. Delegation | प्रतिनिधि-मंडल |
| 56. Democratic | लोकतांत्रिक |
| 57. Demonstration | प्रदर्शन |
| 58. Demotion | पदवनति |
| 59. Depreciation | मूल्यह्रास |
| 60. Disobedience | अवज्ञा |
| 61. Dissolve | भंग करना |
| 62. Distinguished | विशिष्ट |
| 63. Ditto | यथोपरि, जैसे ऊपर |
| 64. Duly | विधिवत्, यथाविधि |
| 65. Employee | कर्मचारी |

## E

| | |
|---|---|
| 66. Employer | नियोक्ता |
| 67. Encroachment | अधिक्रमण |
| 68. Enquiry | पूछताछ |
| 69. Enrolment | भर्ती, नामांकन |
| 70. Estimate | अनुमान |

71. Exemption छूट, माफी
72. Expel निकाल देना, निष्कासित करना
73. Extension विस्तार
74. Eye witness चश्मदीद गवाह, प्रत्यक्ष साक्षी

## F

75. Fact तथ्य
76. Faculty संकाय
77. Farewell विदाई
78. Federation परिसंघ
79. First Aid प्रथमोचार, प्रथम उपचार
80. Fitness certificate स्वस्थता प्रमाण पत्र
81. Forenoon पूर्वाह्न, दोपहर से पहले
82. Forwarding letter अग्रेषण पत्र
83. Franchise नामाधिकार
84. Frame work ढाँचा

## G

85. Gist सार
86. Gratuity उपदान
87. Grievance शिकायत
88. Gross सकल, कुल
89. Gross income सकल आय, कुल आय
90. Grant अनुदान
91. Guidlines मार्गदर्शी सिद्धांत

## H

92. Hearing सुनवाई
93. Honorarium मानदेय
94. House Rent Allowance मकान किराया भत्ता
95. Homage श्रद्धांजलि

## I

| | |
|---|---|
| **96. Immigrant** | **आप्रवासी** |
| **97. Implement** | **कार्यान्वित करना, लागू करना** |
| **98. Imprisonment** | **कारावास** |
| **99. Inspection** | **निरीक्षण** |
| **100.Instruction** | **अनुदेश, हिदायत** |
| **101.Interference** | **हस्तक्षेप** |
| **102.Interim relief** | **अंतरिम सहायता** |

**प्रस्तुतकर्ता**
डॉ.सुनील बहल
स्टेट रिसोर्स पर्सन
(हिंदी और पंजाबी)